मनमर्जी | करौंदा-कुशनेर सड़क चौड़ीकरण में ठेकेदार की मनमानी

सड़क निर्माण में बरती जा रही कोताही, हो रहे हादसे

नवभारत, पनागर। राहगीरों की सुविधा के लिए करौंदा-कुशनेर मार्ग का चौड़ीकरण परेशानी का सबब बन गया है। मसलन मार्ग से गुजरने वाले राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। दरअसल करौंदा से पनागर तक एवं देवरी से कुशनेर पर सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण के दौरान बिछाई जा रही गिट्टी एवं संकेतर नहीं लगाने के कारण हर दिन वाहन चालक हादसे के शिकार हो रहे हैं। साथ ही निर्माण के पूर्व पीडब्लूडी ने मार्ग पर एक बड़ा गड्ढा खोदा दिया है।

गड्ढे के समीप आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना हो रही है। सुरक्षा कारणों को दरकिनार कर अफसरों ने बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी नहीं की। विडम्बना यह है कि बीते कई दिनों से मार्ग पर गड्ढा कर उसे खुला छोड़ दिया गया है। ठेकेदार की लापरवाही का ठीकरा वाहन चालकों पर फूट रहा है। राहगीरों को कहना है कि रात के वक्त यहां से गुजरने वालों की स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। स्ट्रीट लाईट बंद होने, संकेतक नहीं लगाने और रात के वक्त गिट्टी, मुरम के ढेर सड़क पर डालने से हादसों में रोजाना इजाफा हो रहा है।

गंभीर दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता

लोंगों की माने तो अधिकारियों द्वारा बरती जा रही कोताही ठेकेदार को मनमानी करने दे रही है। राहगीरों वाहन चालकों के लिए यह मनमानी खतरनाक हो चुकी है। वाहन चालकों का कहना है कि ठेकेदार पूरी तरह से मनमानी कर रहा है। इस कारण गंभीर दुर्घटनाओं को न्यौता दिया जा रहा है। यदि ऐंसा सब चलता रहा, तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

बेटे के जन्मदिन पर पत्नी को पीटा, केक सड़क पर फेंका

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत पुष्पक नगर में एक पति ने मासूम बेटे के जन्मदिन पर खुशियां मनाने के बजाय, शराब के नशे में धुत होकर न केवल केक सड़क पर फेंक दिया, बल्कि विरोध करने पर अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। बुजुर्ग पिता से अभद्रता की है। पुलिस ने बताया कि नीतू पटेल निवासी पुष्पक नगर पुराने लाल मंदिर के सामने ने शिकायत दर्ज कि बीती रात घर में उसके बेटे शिवेन्द्र पटेल के जन्मदिन की तैयारी चल रही थी। पति आशीष पटेल घर में बैठकर शराब पी रहा था। अचानक उसने तैश में आकर मासूम बेटे का जन्मदिन का केक सड़क पर फेंक दिया। जब ससुर भरत लाल पटेल और पत्नी ने केक फेंकने का विरोध किया, तो आशीष आगबबूला हो गया। उसने आपा खोते हुए पत्नी और ससुर से विवाद शुरू कर दिया इतना ही नहीं, उसने पत्नी को हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटा। पीड़िता ने बताया कि एक दिन पहले भी विवाद के दौरान पति ने उसके बाएं कंधे पर दांत से काट लिया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

हाथियों के झुंड ने रोकी रेल, शक्तिपुंज घंटों लेट

जबलपुर, नवभारत। रेल यातायात रुकने की कई वजहें सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार तो हाथियों ने ही रेल ट्रेक पर कब्जा जमा लिया, जिससे हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, सहित 9 गाडियों को रेल प्रशासन को डायवर्ट करने का निर्णय लेना पड़ा है यह घटना धनबाद रेल मंडल में बीती रात को घटित हुई है रेलवे ट्रैक पर हाथी झुंड आ जाने के कारण धनबाद से डालटनगंज मार्ग पर ट्रेनों के पहिए थम गए। धनबाद रेल मंडल के महुआमिलान से निद्रा के बीच डाउन लाइन पर हाथी की चहल कदमी के कारण पहले काफी देर तक ट्रेनों का परिचालन रोक गया। बाद में रेल प्रशासन से निर्देश पर ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए। बताया जाता है कि हावड़ा से जबलपुर आ रही गाड़ी संख्या 11448 शक्तिपुंज एक्सप्रेस को पहले बरकाकाना स्टेशन पर रोका गया। बाद में बरकाकाना से हजारीबाग टाउन, कोडरमा और गया के रास्ते चलाया गया। इसी तरह अन्य ट्रेनों का भी मार्ग बदला गया। रूट डायवर्ट करने के कारण ये गाड़ियां अपने निर्धारित समय से घंटों लेट चल रही थीं शक्तिपुंज एक्सप्रेस 6 घंटा 20 मिनट विलंब थी।

घरों के अंदर भर रहा भदोहा तालाब का बदूबूदार पानी

नवभारत, सिहोरा! सिहोरा के वार्ड क्रमांक 6 अद्दू मोहल्लां के निवासियों द्वारा मुख्यनगर पालिका अधिकारी सिहोरा का शिकायत पत्र सौंपकर मांग की गई है कि भदोहा तालाबा का गंदा बदबूदार जहरीला पानी घरों के अंदर चला गया है जिससे मोहल्ल के निवासियों के खाने पीने के साथ साथ बिजली का समान खराब हो गये है जिससे लोगों बहुत आर्थिक हानि हुई है साथ ही पानी में बदबू होने से रहना दूभर हो गया है महामारी फेलने की संभावना है वार्डवासियें द्वारा पूर्व में लिखित शिकायत की थी लेकिन नगर पालिका द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई । पूर्व में भदोहा तालाब का ओवरफ्लो का पानी ओमकालोनी के बाजू से निकलता था जिस पर लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर मनमाने तरीखे से मकान बना लिया गये है जिस कारण भदोहा तालाब का ओवरफ्लो का पानी घरों में घुस रहा है नगर पालिका द्वारा वायपास में नाले का निर्माण भी कराया गया लेकिन है आधाअधूरा है पीढित लोगों में बाबू सिंह खंगार,सुरेन्द्र सिंह ठाकुर,मनीष पटैल,मोहित जैन, मुकेश जैन,सरजीत यादव,बेला तिवारी,प्रमोद सिंह ठाकुर,आशीष सिंह ठाकुर ने अतिशीघ्र जांच कर समस्यी का निदान करने की मांग की गई है ।

पौड़ी में भागवत कथा के लिए निकली भव्य शोभायात्रा

नवभारत,बेलखाडू। समीपी ग्राम पौड़ी (नगना) में आज शोभायात्रा के साथ सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ । ग्राम के घनश्याम महेरे, मदन गोपाल, राम बिहारी महेरे, सतीश , पुनीत, राघवेंद्र, अनीत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं दोपहर विशाल कलश एवं बैंड बाजों के साथ ग्राम में भ्रमण पर निकली। कथा व्यास आचार्य रमेश मिश्रा गूंजोंरा गढ़ाकोटा के सानिध्य में ग्रामवासी बड़े बड़े ध्वज हाथों में लिए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पौड़ी में भ्रमण पश्चात सभी कथा पंडाल पहुंचे जहां भागवत बैठकी, मंच देव पूजन, व्यास पूजन आदि के साथ कथा प्रारंभ हुई।

पुलिसकर्मियों को सिखाए गए शेयर बाजार में सुरक्षित निवेश के गुर

▸ पुलिस की अनूठी पहल पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत, जबलपुर। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए वित्तीय साक्षरता और निवेश जागरूकता पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को शेयर बाजार में निवेश के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और धोखाधड़ी (फ्रॉड) से बचने के तरीकों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यशाला के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने न केवल निवेश के सुरक्षित तरीकों को समझा, बल्कि वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने के व्यावहारिक गुर भी सीखे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित

इस कार्यशाला में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विशेषज्ञों रोहित दुबे, नितिन त्रिपाठी, श्रीमती विजया अग्रवाल, सुश्री गुरुशरण कौर और सुश्री नम्रता राव ने विस्तार से बताया कि निवेश करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। किसी भी लुभावने वादे या अनैतिक व्यापारिक प्रलोभन में न आएं। यदि किसी निवेशक के साथ धोखाधड़ी होती है, तो वे तत्काल अपनी शिकायत दर्ज कराये।

तोते के पिंजरे में लिपटा था सात फीट लंबा सांप

नवभारत, जबलपुर। संजीवनी नगर निवासी राजेंद्र प्रसाद पटेल के घर के आंगन में लगे बिही के पेड़ की डाल पर तोते का पिंजरा लटका था सांयकाल साढ़े चार बजे अचानक एकाएक तोता फड़फड़ाने लगा और जोर जोर से टर टराने की आवाजें सुनकर परिजन बाहर आये तो देखा कि एक सर्प पिंजरे से लिपटा हुआ अंदर घुसने का असफल प्रयास कर रहा है। राजेन्द्र पटेल की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़ लिया तथा उसके प्राकृतिक रहवास तिलवारा में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का सांप है जो कि जहरीला नहीं होता है ।बिही के पेड़ के सहारे सांप पिंजरे तक आ गया था,गनीमत थी कि पिंजरे की जाली बारीक थी इसलिए सांप पिंजरे में प्रवेश नहीं कर सका।

इसके बाद श्री दुबे ने पटेल परिवार को तोते को आजाद कर देने का आग्रह किया । जिसे पटेल परिवार ने स्वीकार कर लिया। दो दिन बाद वे उसे स्वच्छंद विचरण के लिए जंगल में छोड़ देंगे।

यूजीसी बिल लागू करने विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन

▸ घंटाघर में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत,जबलपुर। संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, आवास बौद्ध महासभा, अखिल भारतीय ओबीसी महासभा तथा अनुसूचित जाति, जनजाति और अल्पसंख्यक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आज जबलपुर के घंटाघर क्षेत्र में यूजीसी बिल को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग को लेकर विशाल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी बिल का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के अधिकारों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने

सरकार से मांग की कि लंबे समय से लंबित इस बिल को बिना देरी पूर्ण रूप से लागू किया जाए, ताकि पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों को उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके।

ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन के दौरान रामरतन यादव, देवेश चौधरी, घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, मनोज बाघमारे, अरविंद श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, नोखेलाल प्रजा, रामराज पटेल, छोटे पटेल, इंद्र कुमार पटेल, तरुण रोहतास, तेज कुमार भगत, इंद्र कुमार कुलस्ते, घनश्याम चक्रवर्ती, धर्मेंद्र कुशवाहा, राजेंद्र पिल्लई, रामदास यादव, अजय सोनकर, राजेंद्र तेकाम, योगेश चौधरी, धर्मेंद्र कुकरेले, महेंद्र चौधरी, राकेश समुद्रे, प्रमोद सेन, लाला विश्वकर्मा, मोहम्मद इरफान, शैलेश लोधी, मेहंदी हसन, वृंदावन वर्मा, दिलीप पटेल, जितेंद्र कुर्मी, सुधीर नादेकर और एडवोकेट गया कुशवाहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पेपर देने गई लापता किशोरी नटवारा में मिली

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत पेपर देने गई एक 15 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता होने के मामले को पुलिस ने चंद घंटों में सुलझा लिया है। पुलिस ने किशोरी को ग्राम नटवारा से सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार एक 37 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 15 वर्ष 8 माह की बेटी कक्षा 10वीं की छात्रा है, सुबह करीब 8 बजे अपनी सहेली के साथ पेपर देने गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब वह घर नहीं लौटी और आसपास तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला, तब परिजनों ने थाने पहुंच कर शिकायत की। पुलिस टीम ने ग्राम नटवारा में दबिश दी, जहाँ से किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

नाराजगी के कारण छोड़ा था घर

पूछताछ के दौरान किशोरी ने बताया कि पेपर देने जाते समय किसी बात को लेकर उसके पिता ने उसे डांट दिया था। पिता की डांट से नाराज होकर वह गुस्से में अपनी सहेली के घर नटवारा चली गई थी। पुलिस ने किशोरी की काउंसलिंग कर उसे माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है।

विनोद कुमार तिवारी का निधन

सिहोरा। पोस्ट ऑफिस के पास गोसलपुर निवासी विनोद कुमार तिवारी पिता स्व .नारायण प्रसाद तिवारी का 45 वर्ष की आयु में निधन हो गया है । आप अशोक तिवारी (स्टेशन चौराहा) के अनुज और रमेश तिवारी,सुरेश तिवारी और महेश तिवारी के भतीजे थे। अंतिम संस्कार आज 18 फरवरी को मुक्तिधाम में संपन्न होगा।

बैठक | संभागायुक्त ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश

सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें

नवभारत,जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने आज संभागीय अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कलेक्टर- कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं के पालन और विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन किया गया ।उन्होंने कहा कि कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना के अनुसार सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करनी होगी। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता और मत्स्य विभागों से फील्ड स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं की रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग में डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना, क्षीरधारा और हिण्यगर्भा योजनाओं पर चर्चा की गई। ग्रामीण विकास विभाग की मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने, पंचायत स्तर पर नए राजस्व स्रोत सृजन, पीएम आवास (ग्रामीण) की पूर्णता, बैंक ऋण वितरण और मनरेगा भुगतान पर प्रगति की समीक्षा हुई।

कम प्रगति लाने वाले अधिकारियों को नोटिस

संभागायुक्त ने पीएम जनमन व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में कम प्रगति लाने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने और वनाधिकार पत्र धारकों को योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु जिला स्तर पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन पर प्रगति सुनिश्चित करने और संकल्प से समाधान अभियान के दौरान फील्ड विजिट व शिविरों में आवेदन/शिकायतों के निराकरण की मॉनीटरिंग का आदेश भी दिया गया।

अब बिना संकोच मूकबधिर अपनी समस्या साझा कर सकेंगे : एएसपी

▸ मूक-बधिर पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ

नवभारत, जबलपुर। मूक-बधिर सहायता केंद्र के माध्यम से ऐसे नागरिक अब अपनी समस्याएँ, शिकायतें एवं आवश्यक जानकारी बिना किसी संकोच के प्रभावी रूप से साझा कर सकेंगे। यह पहल सामाजिक और संवेदनशील पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बातें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने लार्डगंज थाने में मूक-बधिर पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ करते हुए कही। मूक बधिरो की शिकायत पर तत्काल विधिवत कार्यवाही की जा सके इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की पहल पर सहायता केन्द्र का शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर थाना प्रभारी लॉर्डगंज नवल सिंह आर्य एवं थाना स्टॉफ, मूक बधिर मास्टर

ट्रेनर, ट्रांसलेटर, स्थानीय नागरिक सहित लगभग 50 की संख्या में मूक बधिर उपस्थित रहे। विदित हो कि मूक बधिर पीड़ित जब रिपोर्ट करने थाने आते है, तो उनकी बातों को समझ पाना पुलिस के लिये मुशकिल होता है जिसके मद्देनजर माह सितम्बर 2025 में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर मूक-बधिर, बेजुबानों की जुबान समझने पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियो को बेसिक सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण देते हुये हाथों की मुद्राओं और संकेतों के माध्यम से सांकेतिक भाषा में बातचीत करना सिखाया गया था ताकि पुलिस और मूक-बधिर व्यक्तियों के बीच एक प्रभावी और सहज संवाद स्थापित हो सके इस उद्देश्य से मूक बधिरों की बातो को सरल एंव सहज रूप से समझने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित कराया गया।